संख्या-816/2017/2255/22-2-2017-17(231)/2016

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 11 अक्टूबर, 2017***

विषय:- जिला कारागार, सहारनपुर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी वीरेन्द्र पुत्र श्री काबज सिंह, निवासी जनपद-सहारनपुर की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-32186/प्रोबे-5-द0या0 बैठक-12.07.2017, दिनांक 05.09.2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, सहारनपुर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी वीरेन्द्र पुत्र श्री काबज सिंह जो ग्राम-बरसी, थाना-तितरो, जनपद-सहारनपुर का रहने वाला है। बन्दी द्वारा आम के बाग में कुरडी उठाने के विवाद को लेकर दिनांक 22.09.05 को 07 अन्य सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमन्चे बन्दूक, रिवाल्वर व रायफल से गोली मारकर 02 व्यक्तियों की हत्या कर अपराध कारित किया गया है। उक्त अपराध के लिए बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-347/06 में भा0द0वि0 की धारा-302/149, 307/149, 148, 323/149, 504 के अन्तर्गत मा0 अपर सत्र न्यायाधीश (कक्ष सं0-4), सहारनपुर के आदेश दिनांक 13.02.2009 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 16.02.2017 तक 08 वर्ष 05 माह 04 दिन की अपरिहार सजा तथा 10 वर्ष 09 माह 14 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी का जेल आचरण संतोषजनक है। बन्दी के 02 अन्य सहअभियुक्त मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेशानुसार विचारण का स्टे व 02 अन्य सहअभियुक्त जमानत पर बाहर तथा 03 अन्य सहअभियुक्त कारागार में सजा भुगत रहे है। जिला मजिस्ट्रेट एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। दयायाचिका समिति द्वारा बन्दी की उम्र, काटी गयी सजा, कारित अपराध की प्रकृति, जिला मजिस्ट्रेट/पुलिस अधीक्षक द्वारा समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति न किये जाने के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- अत: उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि विषयांकित बन्दी वीरेन्द्र (बन्दी संख्या-3819/2009) पुत्र श्री काबज सिंह, निवासी जनपद-सहारनपुर की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दया याचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

संख्या-816/2017/2255/(1)/22-2-2017 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, सहारनपुर।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, जिला कारागार, सहारनपुर।
3- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in